उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2
संख्या–1073 / सोलह–2–2014–13(ई) / 2014
लखनऊ : दिनांक :: जुलाई, 2014

नियुक्ति / विज्ञप्ति

प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रधानाचार्य के पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल श्री संजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 श्री विश्वनाथ लाल श्रीवास्तव, 566–बी, पूर्वी राजेन्द्र नगर, गोरखधाम, गोरखपुर को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रधानाचार्य के पद पर वेतन बैण्ड रू0 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7,600 में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुए महाकारूणिक तथागत राजकीय पालीटेक्निक, सिद्धार्थनगर में तैनात किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– श्री संजय कुमार श्रीवास्तव को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय–समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3– श्री संजय कुमार श्रीवास्तव को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से 01 माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। कार्यभार ग्रहण करने हेतु श्री श्रीवास्तव को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

4– श्री संजय कुमार श्रीवास्तव की पारस्परिक ज्येष्ठता सुसंगत नियमों के अनुसार बाद में निर्धारित की जायेगी।

5– उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से श्री संजय कुमार श्रीवास्तव 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रहेंगे।

भानु चन्द्र गोस्वामी
विशेष सचिव।

संख्या–1073 / सोलह–2–2014–13(ई) / 2014, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
3. कोषाधिकारी, सिद्धार्थ नगर।
4. प्रधानाचार्य, महाकारूणिक तथागत रा0पा0,सिद्धार्थनगर को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि संबंधित अभ्यर्थी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की सूचना और निर्धारित समय के अन्दर कार्यभार ग्रहण न करने की सूचना शासन व निदेशक,प्राविधिक शिक्षा,उ0प्र0,कानपुर को तत्काल भेजें।
5. निदेशक,मुद्रण एवं लेखन सामग्री,उ0प्र0,इलाहाबाद को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6. सचिव, लोक सेवा आयोग,उ0प्र0,इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या–10(11) / 2 / डी0आर0 / एस–12 / 2010–11, दिनांक 02 मई, 2014 के संदर्भ में।
7. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, वाराणसी।
8. अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3
9. आदेश पुस्तिका, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2
10. श्री संजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 श्री विश्वनाथ लाल श्रीवास्तव, टाईप–4, राजकीय महिला पालीटेक्निक, रसूलाबाद रोड, तेलियरगंज, इलाहाबाद।

आज्ञा से,

(अवधेश कुमार पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।